आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फिल्ड कर्मचारियों से कहा है कि वे ग्रामीण विकास को लेकर निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य करें। कुलदीप सिंह पठानिया आज चंबा के चुवाड़ी में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने ये भी कहा कि पंचायत स्तर पर जारी विभिन्न कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जानबूझकर विकास कार्यों को लम्बित रखने वाले फिल्ड कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भटियात विकास खंड में मनरेगा के तहत दो हजार 4 सौ 3 विकास कार्यों पर 74 करोड़ 39 लाख से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होने कहा कि एस.डी.आर.एफ. के तहत भटियात उप–मंडल में सरकार ने एक सौ 27 आवासों को मंजूरी दी है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रणौत के साथ चंडीगढ़ एयर पोर्ट पर घटित घटना की निंदा की है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात महिला कर्मचारी द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देना चिंतनीय है और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने इस घटना को आतंकवाद से जोड़ने के कंगना रणौत के बयान को गैर जिम्मेदाराना करार दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह किसानों की भावनाओं की कद्र करते हैं लेकिन बात को रखने का तरीका संवैधानिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव में चले मोदी मैजिक पर कांग्रेस में मंथन होना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रदेश में लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन जो वायदे उन्होंने मंडी सहित प्रदेश के लोगों से किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों के रखरखाव, सुदृढ़ीकरण और पी.एम.जी.एस.वाई का काम पूरे जोर से चल रहा है।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से मजबूत है और अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। संजय अवस्थी ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश में हुए 6 विधानसभा उप–चुनाव के नतीजों से साफ हो गया है कि राज्य की जनता पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने उप–चुनावों में भाजपा को उसके षडयंत्रों का जवाब दे दिया है। अवस्थी ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का नाकाम प्रयास किया और 6 कांग्रेस विधायकों की कथित खरीद फरोख्त के साथ–साथ निर्दलीय विधायकों का राजनीतिक भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अब ये तीन उप–चुनाव भी कांग्रेस ही जीतेगी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा कांग्रेस सरकार को थोड़े दिनों की सरकार कहने पर भी आपत्ति जताई।

डी.सी. कांगड़ा

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि बी.बी.एम.बी. प्रशासन पौंग डैम के निचले क्षेत्रों रे–बड़ूखर में अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करेगा ताकि पौंग डैम से पानी छोड़े जाने पर इन क्षेत्रों के लोगों को समय पर जानकारी मिल सके। पौंग डैम से पानी छोड़ने पर प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की डिमार्केशन का भी प्रस्ताव है। गौरतलब है कि बीते साल मॉनसून के दौरान पौंग डैम से पानी छोड़े जाने के चलते निचले क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी। इससे निपटने के लिए सरकार को एन.डी.आर.एफ. और एस.डी.आर.एफ की मदद लेनी पड़ी थी।

मॉकड्रिल

प्रदेश में 14 जून को बाढ़, भू–स्खलन, हिम–स्खलन और औद्योगिक आपदा जैसी घटनाओं से निपटने के लिए राज्य के सभी जिलों में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉकड्रिल को लेकर कल राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डी.सी. राणा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। राणा ने बैठक में कहा कि 12 जून को सभी जिलों में टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जमीनी स्तर पर की गई तैयारियों का मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल में विशेष कर स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में आपदा में फंसे विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने को लेकर अभ्यास किया जाएगा। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों में समन्वय स्थापित करना भी है।

समर फेस्टिवल

अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देने हेतु कलाकारों के ऑडिशन 12 और 13 जून को शिमला के गेयटी थिएटर में होंगे। ग्रीष्मोत्सव कमेटी के अध्यक्ष व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि ऑडिशन के लिए कोई भी कलाकार 11 जून को दोपहर 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

दाखिला

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला मौजूदा शैक्षणिक सत्र से बी.कॉम ऑनर्स शुरू कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने कहा कि ये पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चार वर्ष की अवधि के इस पाठ्यक्रम के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है।